संख्या-5/2017/419जेड/6-सा-3-2017-25जी/16

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
उ0प्र0 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
लखनऊ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 25 अप्रैल, 2017

विषय:-आपात कालीन अवधि (दिनांक-25-6-1975 से 21-3-1977 तक) में मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतंत्र सेनानियों को वित्तीय वर्ष 2017-18 में सम्मान राशि स्वीकृत किये जाने हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि (दिनांक-25-6-1975 से 21-3-1977 तक) आपात कालीन अवधि में मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि हेतु श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के प्रथम 05 माह के लिये लेखानुदान द्वारा प्रावधानित **रू0 45,83,00,000/- (रू0 पैंतालीस करोड तिरासी लाख मात्र)** की धनराशि वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-3/2017/बी-1-348/दस-2017-231/2017, दिनांक-20-03-2017 के साथ संलग्न कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक-02-01-2017 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी आदेशों के अनुसार किया जायेगा।धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहॉ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्यकतानुसार धनराशि का कोषागार से आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि उपर्युक्त धनराशि सम्बन्धी व्यय विवरण समस्त जनपदों से प्राप्त कर नियमित रूप से महालेखाकार (लेखा), उ0प्र0 इलाहाबाद को प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में भेजा जाय तथा जिसकी एक प्रति शासन को भी निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

क्रमशः 2/-

http://shasnadesh.up.nic.in

5- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-28 के लेखा शीर्षक "2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण- 60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-03-आपात कालीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को सम्मान राशि का भुगतान-42-अन्य व्यय" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक-02-01-2017 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

संख्या-5/2017/419(1)जेड/6-सा-3-2017, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2-महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3-वरिष्ठ आडिट ऑफीसर (आडिट/प्लानिंग), कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15-थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।

4-समस्त जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया सम्मान राशि मद में व्यय की गयी धनराशि का व्यय विवरण निदेशक/सचिव, उ0प्र0 स्वतन्त्रता सेनानी कल्याण परिषद एवं महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति शासन को उपलब्ध करायें तथा अतिरिक्त धनराशि के आवंटन अथवा बचत/समर्पण की सूचना के सम्बन्ध में निदेशक/सचिव, उ0प्र0 स्वतन्त्रता सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ से अनुरोध करने का कष्ट करें।

5-निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

6- वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1

7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12

8- इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय।

9- गार्डबुक।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in